मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्यो के लिये तीन गौठानों को किया पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में राज्य में 'सुराजी गाँव योजना' के तहत संचालित किये जा रहे तीन गौठानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गौठान प्रबंधन समिति के अध्यक्षों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पित्र एवं प्रतीक चिन्हि प्रदान कर सम्मानित किया।
- पुरस्कृत गौठान प्रबंधन समितियों में राजनांदगाँव ज़िले के ग्राम अमलीडीह, दुर्ग ज़िले के ग्राम चंदखुरी और सारंगढ़-बिलाईगढ़ ज़िले के ग्राम हिर्री गौठान प्रबंधन समितियाँ शामिल हैं।
- गौरतलब है कि सुराजी गाँव योजनांतर्गत गाँव में बनाए गए गौठानों में पशुओं के डे-केयर के साथ-साथ गौठानों में स्व-सहायता समूहों के द्वारा वर्मी कंपोस्ट निर्माण, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, सब्जी उत्पादन सहित विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।
- इन गौठानों का संचालन प्रबंधन, गौठान समिति एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है।

//
RAIPUR-COLLECTORATE (Raipur) Chattisgarh-492001
RTGS/NEFT IFS Code : PUNB0097210
15082023
PAY गोठान प्रबंधन समिति, ग्राम अमलीडीह, विकासखण्ड डोंगरगाव, जिला राजनांदगाव (छ.ग.) या धारक को OR BEARER
रुपये RUPEES पचास हजार रूपये मात्र
097210110009T9
CURRENT A/c
₹ 50000/-
उप संचालक कृषि
जिला-रायपुर (छ.ग.)
WAG

50000/-

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-rewarded-3-gauthans-for-their-excellent-work